>

Title: Need to expedite doubling and electrification of Jhansi-Manikpur railway line-laid.

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा) : उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत झॉसी से मानिकपुर बारास्ता बांदा - चित्रकूटधाम कर्वी रेल खण्ड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है यह रेल खण्ड बुन्देलखण्ड क्षेत्र की जीवन रेखा है । आये दिन स्थानीय आबादी को अपने स्थान से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने का एकमात्र साधन है ।

अतः भारत सरकार से मांग करता हूँ कि तत्काल झॉसी- मानिकपुर रेल खण्ड का दोहरीकरण व विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र सम्पन्न कराया जाए ताकि आम जन जीवन को सुविधा मिल सके ।